प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 08.10.2024

छिनैती का अपराध कारित करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से छिनैती की 02 अदद चेन, घटना में प्रयुक्त 01 अदद मोटर साइकिल व 02 अदद नंबर प्लेट बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा लूट/छिनैती के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक थाना कैण्ट के नेतृत्व उ0नि0 अंजय कुमार सिंह मय पुलिस टीम द्वारा स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 537/2024 धारा 304(2) भा0न्या0सं0 व मु0अ0सं0 545/2024 धारा 304(2) भा0न्या0सं0 से संबंधित 01 नफर अभियुक्त हर्ष शुक्ला पुत्र उमानंद शुक्ला निवासी प्रधान टोला सीहापार थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर को छिनैती की 02 अदद चेन घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल व 02 अदद नम्बर प्लेट के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 24.09.2024 को वादिनी मुकदमा अपने बच्चों को स्कूल से लेने जा रही थी कि रास्ते में दो पहिया वाहन सवार व्यक्ति द्वारा उनके गले की चेन छीन लिया गया था जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 537/2024 धारा 304(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत किया गया।

दिनांक 29.04.2024 को दो पहिया वाहन सवार व्यक्ति द्वारा वादी मुकदमा के पत्नी के गले से चेन छीन लिया गया था जिसके संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 545/2024 धारा 304(2) भा0न्या0सं0 पंजीकृत किया गया था।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

हर्ष शुक्ला पुत्र उमानंद शुक्ला निवासी प्रधान टोला सीहापार थाना सहजनवां जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

1. मु0अ0सं0 537/2024 धारा 304(2), 317(2) भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. मु0अ0सं0 545/2024 धारा 304(2), 317(2) भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

छिनैती की 02 अदद चेन. घटना में प्रयुक्त बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल व 02 अदद नम्बर प्लेट

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 अंजय कुमार सिंह चौकी प्रभारी पैडलेगंज थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. उ0नि0 अंकुर सिंह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. कां0 कमलेश यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
4. कां0 सुजीत कुमार थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
5. कां0 संजीत यादव थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
6. कां0 अभिषेक सिंह थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर